संख्या-06/2017/आडिट-2-1249/दस-2017-370(2)/16(टी0सी0

प्रेषक़

महेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,

सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में

निदेशक

स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0,

छठवॉ तल संगम प्लेस सिविल लाइन्स,

इलाहाबाद।

वित्त (लेखा-परीक्षा) अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक : 10 अगस्त, 2017

विषय :- स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग में रिक्त मण्डल/जिला लेखा परीक्षा अधिकारी कार्यालयों के अतिरिक्त प्रभार दिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-राज0अधि0संख्या-राज0अधि0/शा-178 दिनांक 17-07-2017 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- आपके उपरोक्त पत्र के संदर्भ में आपको अवगत कराना है कि शासन के आदेश संख्या-2/2016-आडिट-2-954(2)/दस-2016-370(2)/16, दिनांक 04 नवम्बर, 2016, प्रस्तर-2 में अतिरिक्त प्रभार दिये जाने के निर्देश दिये गये थे जो निम्नवत है:-

जिन-जिन जनपदों में जिला लेखा परीक्षा अधिकारी तैनात नहीं हैं उन जनपदों में आहरण एवं वितरण के अधिकार के साथ-साथ जिला लेखा परीक्षा अधिकारी के कर्तव्य एवं दायित्व का पूर्ण प्रभार उक्त जनपदों के सम्बन्धित मण्डल के उप निदेशक द्वारा सम्पादित किया जायेगा।

इस स्थिति से यदि कोई विचलन किया जाना अपरिहार्य है तो शासन की पूर्वानुमति प्राप्त किया जाय।

अत: उपरोक्त शासनादेश दिनांक 04 नवम्बर, 2016 के क्रम में मुझे पुन: यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्त शासनादेश का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए एवं कृत कार्यवाही की सूचना शासन को दिनांक 20 अगस्त 2017 तक अवश्य उपलब्ध कराएं।

4- मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-19/2016-2016-आडिट-2-635/दस-2016-370(2)/2016, दिनांक 09 अगस्त, 2016 के पृष्ठांकन संख्या-2 के अनुसार सहायक निदेशक/जिला लेखा परीक्षा

shasnadesh.up.nic.in

अधिकारी की तैनाती/अतिरिक्त प्रभार दिये जाने का नियमानुसार यथोचित प्रस्ताव शासन को शीघ्र ही उपलब्ध करायें। इस प्रकार के प्रस्ताव को उपलब्ध कराते समय यह भी देख लिया जाय कि यदि सम्वर्ती सम्परीक्षा एवं उप सम्परीक्षा के पदों का दायित्व यदि किसी ^^^^^उप निदेशक के पास है तो उक्त प्रभार को तत्काल वापस लेते हुए जिला लेखा परीक्षा अधिकारी/सहायक निदेशक स्तर के अधिकारी को तैनात किये जाने/अतिरिक्त प्रभार दिये जाने का प्रस्ताव शासन को विलम्बतम 20 अगस्त 2017 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

भवदीय,

महेन्द्र प्रसाद अग्रवाल
सचिव।

shasnadesh.up.nic.in